कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

प्रकरण संख्या 55/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

डॉ0 राजेन्द्र सिह पुत्र श्री फतेहसिह भाटी निवासी भवानी निकेतन, पूर्व गेस्ट हाउस के पास,सरदारशहर जिला चुरू।

——अपीलार्थी

बनाम

अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

——प्रत्यर्थी

आदेश दिनांकः—17.10.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ के विरूद्ध प्राप्त हुई।

अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यों के अनुसार आवेदन पत्र दिनांक 10.08.2019 द्वारा प्रत्यर्थी से सूचना चाही गई। सूचना नही मिलने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ से पत्रांक 1056 दिनांक 14.10.2019 द्वारा प्राप्त जबाव का अवलोकन करने से इनके द्वारा अपीलार्थी को पत्र कमांक 1049 दिनांक 9.10.2019 से सूचना के संबंध मे सूचित किया जाना पाया गया। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी की इस अपील में ओर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षों को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ़